SPANISH CIVIL WAR(Part-2)

For:P.G. Sem-2,CC-6,Unit-2

स्पेनी गृह युद्ध के प्रति विभिन्न राष्ट्रों के हित तथा दृष्टिकोण:

रूस (Russia)

1. साम्यवादी देश होने के कारण रूस की सहानुभूति इस युद्ध में राजतंत्र की अपेक्षा स्पेनी गणतंत्र के साथ अधिक थी।
2. रूस सोचता था कि जर्मनी और इटली के सहायता से स्पेन में भी तानाशाही की स्थापना हो गई तो संसार में तानाशाह की शक्ति बढ़ जाएगी और वह विश्व शांति के लिए खतरा बन जाएंगे।

जर्मनी विशेष रूप से रूस का विरोधी था अतः रूस उनके शक्ति विस्तार को रोकना चाहता था

3. जर्मनी फ्रांस का शत्रु था। रूस फ्रांस के साथ 1935 में पारस्परिक समझौता कर चुका था। अतः अपने मित्र फ्रांस की सुरक्षा की दृष्टि से भी रूस जर्मनी को नियंत्रित रखना चाहता था।

Scanned with CamScanner

इन कारणों से रूस ने स्पेन के गणतंत्र वादी दल का पक्ष लिया और जर्मनी तथा इटली द्वारा जनरल फ्रैंको को दी जाने वाली सहायता को रोकने की यथाशक्ति कोशिश की परंतु पश्चिमी देशों ने उसके साथ सहयोग ना किया।

इंग्लैंड(England)

1. इंग्लैंड दूसरे देशों की आंतरिक राजनीति में हस्तक्षेप न करना चाहता था। उसकी दृष्टि में स्पेन का गृहयुद्ध एक घरेलू मामला था।
2. वह रूस के साम्यवाद से भयभीत था और उसके साथ सहयोग कर उसे प्रोत्साहन नहीं देना चाहता था।
3. इंग्लैंड यह भी सोचता था कि रूस को नियंत्रित रखने के लिए यूरोप के तानाशाह देश अच्छा काम करेंगे। इस लिहाज से वह हिटलर , मुसोलिनी और जनरल फ्रैंको से यथासंभव रूप में शत्रुता नहीं रखना चाहता था।

Scanned with CamScanner

4. उसे जिब्राल्टर की भी चिंता थी अतः वह जनरल फ्रैंको को असंतुष्ट नहीं करना चाहता था।

इन कारणों से इंग्लैंड ने जनरल फ्रैंको के विरुद्ध विशेष कार्यवाही नहीं की।

अमेरिका(America)

1. अमेरिका यूरोपीय राजनीति से पृथक रहने की नीति(Isolation Policy) का पालन कर रहा था

2. वह रूस को अपना सबसे प्रबल शत्रु समझता था अतः वह उसके साथ सहयोग करने को तैयार ना था,

3. उसकी दृष्टि में भी रूसी साम्यवाद को रोकने के लिए यूरोप में तानाशाह का रहना आवश्यक था।

अतः उसने स्पेन के गृह युद्ध में हस्तक्षेप करके वहां की गणतंत्र वादी सरकार को बचाने का प्रयत्न नहीं किया।

Scanned with CamScanner

जर्मनी(Germany)

जर्मनी ने स्पेन के गृह युद्ध में भाग लेने और जनरल फ्रैंको की सहायता करने का निश्चय निम्नलिखित कारणों से किया:

1. हिटलर गणतंत्र का विरोधी था
2. उसने सोचा कि स्पेन में भी यदि तानाशाही सरकार की स्थापना हो जाएगी तो संसार में तानाशाही विचारधारा को लोकप्रिय बनाने में अधिक सुविधा होगी
3. स्पेन में तानाशाही की स्थापना के पश्चात फ्रांस तीन ओर से गिर जाएगा -पूर्व में जर्मनी से, दक्षिण में इटली से, और पश्चिम में स्पेन से। इस स्थिति में वह अपनी सारी सैन्य शक्ति राइन तट पर नहीं जमा सकेगा।
4. स्पेन में मित्र सरकार की स्थापना होने से जर्मनी अंग्रेजी जहाजी बेड़े के लिए

Scanned with CamScanner

अटलांटिक महासागर में खतरा पैदा कर सकेगा

5. स्पेनी गृह युद्ध में भाग लेकर हिटलर अपनी नई युद्ध नीति ,हवाई जहाजों और u-boat का परीक्षण करना चाहता था,
6. वह यह भी देखना चाहता था कि आक्रमण को रोकने में पश्चिमी देश और राष्ट्र संघ कहां तक सम्मिलित कार्रवाई कर सकते है।

इन उद्देश्यों से प्रेरित होकर हिटलर ने जनरल फ्रैंको को भारी सैनिक सहायता दी।

To be continued........

BY: ARUN KUMAR RAI
Asst.Professor
P.G.Dept.of History
Maharaja College,Ara.

Scanned with CamScanner